JOURNAL OF MEDICAL CONCEPTS IN HINDI

40-42

Article (Gynecology): अन्तिम प्रोफेशनल के पाठ्यक्रम से

# PLACENTAL DISORDERS

डॉ विदुषी अग्रवाल, जूनियर रेजीडेण्ट, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज, नयी दिल्ली

प्लेसेंटा, माँ एवं गर्भस्थ शिशु (भ्रूण, embryo) के मध्य एक महत्वपूर्ण अंग है जो माँ एवं शिशु के मध्य आवश्यक सामग्रियों के आदान-प्रदान करवाने की भूमिका निभाता है। इसमें होने वाली अनियमिततायें, गर्भावस्था को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। इनमें से कुछ प्रमुख का संक्षिप्त विवरण निम्नांकित है -

## PLACENTA ACCRETA

लैटिन शब्द accreta का अर्थ है, सामान्य से अधिक विकसित होना अथवा विकसित होते हुये असामान्य स्थान पर पहुँच जाना। प्लेसेंटा के सन्दर्भ में जब प्लेसेंटा का trophoblastic tissue, असामान्य रूप से बढ़ते हुये, यूट्रस की वॉल के अन्दर तक पहुँच जाता है (invade कर लेता है) तब इसे placenta accreta कहते हैं। सामान्य रूप से प्लेसेंटा, decidua basalis के ऊपर स्थित होता है जहाँ से डिलीवरी के उपरान्त वह यूट्रस से सरलता से अलग हो जाता है। इसके विपरीत, यूट्रस की वॉल के अन्दर तक घुसा हुआ placenta accreta, इससे फिर भी चिपका (adherent) रहता है जो डिलीवरी के उपरान्त गम्भीर रक्तस्राव (post-partum hemorrhage, PPH) का कारण बनता है। इसीलिये, पूर्व में इसे morbidly adherent placenta भी कहते थे।

### Risk factors

**Previous uterine surgery or ceserian section** - सर्जरी का scar, सामान्य decidualization में बाधा डालता है जिससे यह असामान्य स्थानों तक पहुँच जाता है।

**Placenta previa** - प्लेसेंटा का ही असामान्य स्थानों पर होना, accreta का कारण बन सकता है।

**Maternal factors** - इनके अतिरिक्त, माँ की आयु अधिक होने तथा उसके अनेक बार गर्भवती होने (multiparity) पर भी इसकी सम्भावना बढ़ जाती है।

### Types of placenta accreta

यूट्रस की वॉल में trophoblastic tissue कितनी गहराई तक अन्दर पहुँच गया है, इसके आधार पर यह तीन मुख्य प्रकार का हो सकता है -

i) **Placenta accreta** (75-80%) - A - attachment - यदि decidua basalis के स्थान पर प्लेसेंटा, मायोमेट्रियम से ही चिपका हुआ हो (परन्तु इसके अन्दर न पहुंचा हो)। यह इसका सर्वाधिक मिलने वाला प्रारूप है।

ii) **Placenta increta** (15%) - In - invasion - यदि प्लेसेंटा, आंशिक रूप से मायोमेट्रियम के अन्दर घुसा हुआ हो (partially invaded)।

iii) **Placenta percreta** (5%) - Per - perforation - यदि प्लेसेंटा, पूर्ण रूप से मायोमेट्रियम के अन्दर घुसकर इसे पार करते हुये निकटवर्ती अंगों तक पहुँच गया हो (completely invaded)। यह इसका सबसे गम्भीर रूप होता है।

## PLACENTA PREVIA

लैटिन शब्द previa, previous से सम्बन्धित है जिसका यहाँ तात्पर्य है, सर्विक्स से देखने में पहले दिखना। सामान्य अवस्था में प्लेसेंटा, यूट्रस के ऊपरी भाग में स्थित रहता है। यहाँ यूट्रस में इसकी स्थिति के अनुसार इसको एन्टीरियर, पोस्टीरियर, फंडल अथवा लैटरल प्लेसेंटा कहते हैं। इसके विपरीत, placenta previa में यह यूट्रस के निचले भाग में स्थित होता है जिससे डिलीवरी के समय सर्विक्स पर शिशु के स्थान पर प्लेसेंटा पहले दिखता है। Placenta previa का अर्थ है, प्लेसेंटा का internal cervical os के ऊपर स्थित होना।

पूर्व में सिजेरियन सेक्शन होने एवं multiparous महिलाओं में इसकी सम्भावना बढ़ जाती है। यह अधिकांशतयः गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में painless vaginal bleeding के रूप में प्रकट होता है।

### Types of placenta previa

प्लेसेंटा की स्थिति के अनुसार इसके तीन ग्रेड हो सकते हैं -

**Grade I** - Marginal placenta previa - जब प्लेसेंटा, internal cervical os के किनारे तक पहुँच रहा हो परन्तु इसको ढँक न रहा हो।

**Grade II** - Partial placenta previa - जब प्लेसेंटा, internal cervical os को आंशिक रूप से ढँक रहा हो।

**Grade III** - Complete or total placenta previa - जब प्लेसेंटा, internal cervical os को पूर्णरूप से ढँक रहा हो जिससे वैजाइना का मार्ग अवरुद्ध हो रहा हो।

## OTHER PLACENTAL DISORDERS

**Low lying placenta** - कभी-कभी प्लेसेंटा न तो अपनी सामान्य स्थिति में होता है और न ही प्लेसेंटा प्रीविया की स्थिति में। यदि यह internal cervical os के 2 सेमी के अन्दर की स्थिति में हो तब इसे low lying placenta कहते हैं।

**Vasa previa** - इस स्थिति में प्लेसेंटा तो प्रीविया की स्थिति में नहीं होता परन्तु उससे निकलने वाली fetal vessels अवश्य internal cervical os के ऊपर अथवा उसकी 2 सेमी के अन्दर की स्थिति में होती हैं। ऐसे में i) membrane rupture होने पर ii) painless vaginal bleeding होती है परन्तु यह ब्लड फीटल सर्कुलेशन का होता है। इससे iii) fetal bradycardia एवं अंत में fetal death तक हो सकती है। इन तीनों लक्षणों से समूह को vasa previa का triad कहते हैं। इसके लिए इमरजेंसी सिजेरियन सेक्शन की आवश्यकता पड़ती है।

**Placental abruption (abruptio placentae)** - इस स्थिति में फीटस की डिलीवरी के पूर्व ही प्लेसेंटा अपने स्थान से हट जाता है। यह तीसरी तिमाही में painful vaginal bleeding (प्लेसेंटा एवं यूट्रस की वेसल्स के क्षतिग्रस्त होने से), maternal hypovolemic shock (ब्लीडिंग के कारण), disseminated intravascular coagulation क्षतिग्रस्त प्लेसेंटा से tissue factor की रिलीज के कारण) एवं fetal distress (फीटल सर्कुलेशन में बाधा पड़ने से hypoxia) के साथ प्रकट होता है। यह माँ अथवा शिशु के लिए प्राणघातक तक हो सकता है।